सत्यमेव जयते

# रेलवे भर्ती बोर्ड | RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सीईएन ०१/२०२६ सहायक लोको पायलट (एएलपी) के पद पर भर्ती

## CEN 01/2026 Recruitment of Assistant Loco Pilot (ALP)

| | |
|---|---|
| Test Date | 03/11/2026 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:00 PM |
| Subject | RRB ALP 2026 CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा, वसंत ऋतु में जड़ों से कलिकाओं तक शर्करा के परिवहन का कारण है?**

**Ans**
- ✗ A. प्रकाश संश्लेषण के लिए पत्तियों को खनिजों की आवश्यकता होती है
- ✗ B. तने अतिरिक्त खनिजों का भंडारण करते हैं
- ✗ C. जल अवशोषित करने के लिए जड़ों को शर्करा की आवश्यकता होती है
- ✓ D. प्रसुप्ति के बाद कलिकाओं को बढ़ने के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है

**Q.2** **इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। यह तय कीजिए कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।**
**पाँच पोल A, W, V, G और E में से प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे छोटा पोल कौन-सा है?**
**(I) G, केवल तीन पोलों से छोटा है। A, W से लंबा है।**
**(II) G, E से लंबा है।**

**Ans**
- ✗ A. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✓ C. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✗ D. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

**Q.3** **7-अंकीय संख्या 54A177B, 12 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान कितना होगा?**

**Ans**
- ✗ A. 7
- ✗ B. 6
- ✗ C. 4
- ✓ D. 3

**Q.4** **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से BWDK का संबंध FAHO से है। उसी प्रकार, MLGI का संबंध QPKM से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से NKHO का संबंध किससे है?**

**Ans**
- ✗ A. SPMT
- ✓ B. ROLS
- ✗ C. OMKS
- ✗ D. ROLT

Q.5 कोई माता-पिता बाल भविष्य निधि में 10% वार्षिक ब्याज दर से एक निश्चित धनराशि का निवेश करते हैं। 2 वर्ष पश्चात, वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज के अंतर्गत प्राप्त परिपक्वता राशि, साधारण ब्याज के अंतर्गत प्राप्त होने वाली परिपक्वता राशि से ₹50 अधिक है। मूल निवेश (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12,500
- ✓ B. 5,000
- ✗ C. 10,000
- ✗ D. 2,500

Q.6 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

**RNI26 QMH37 PLG48 OKF59 ?**

Ans
- ✗ A. NJF71
- ✗ B. NJF70
- ✓ C. NJE70
- ✗ D. NJE71

Q.7 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों के अनुसार अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के कूटों का अनुसरण सीधे तालिका में दिए गए अनुसार किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक 3 @ 8 # 1 % 6 & 9 $ 2 + 5 7

कूट KT AMHP BF WRDULQ

**शर्तें –**
**(i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो पहले अवयव और अंतिम अवयव के कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।**
**(ii) यदि तीसरा अवयव एक सम संख्या है, तो पहले अवयव को © के रूप में कूटबद्ध कीजिए।**
**(iii) यदि तीसरा अवयव एक प्रतीक है, तो अंतिम अवयव को पहले अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध कीजिए।**

**निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?**
**958+1**

Ans
- ✓ A. ©LAUH
- ✗ B. WLAUH
- ✗ C. ©LAUW
- ✗ D. ©LWUH

Q.8 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 7 & 8 $ # @ * 4 ? %

कूट I HAKMJ SWYF

**शर्तें –**
**(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।**
**(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।**
**(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।**

**संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?**
**7 & 8 $ #**

Ans
- ✓ A. IHAKM
- ✗ B. IFAKM
- ✗ C. IHAKW
- ✗ D. IHYKM

Black

**Q.9** एक कार 5 घंटे में 840 km की दूरी तय करती है। एक रेलगाड़ी की चाल, कार की चाल से दोगुनी है। रेलगाड़ी की चाल का $\frac{1}{3}$ भाग एक मोटरसाइकिल की चाल के बराबर है। मोटरसाइकिल 3 घंटे में कितनी दूरी तय करेगी?

**Ans**
- ✔ A. 336 km
- ✘ B. 331 km
- ✘ C. 339 km
- ✘ D. 329 km

**Q.10** यदि शब्द UNLEASH के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
- ✘ A. तीन
- ✘ B. दो
- ✔ C. एक
- ✘ D. एक का भी नहीं

**Q.11** एक व्यक्ति ने 2 वर्षों के लिए 10% वार्षिक साधारण ब्याज दर से ₹56,500 का निवेश किया। 2 वर्षों के अंत में उसे प्राप्त होने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 64,080
- ✘ B. 64,800
- ✔ C. 67,800
- ✘ D. 67,080

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम ढंग से यह वर्णन करता है कि दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं किसी चुंबक के चारों ओर आकाश (space) में किसी भी बिंदु पर प्रतिच्छेद क्यों नहीं कर सकती हैं?

**Ans**
- ✘ A. क्योंकि इसका अर्थ है कि क्षेत्र रेखाएं विवृत वक्र होती हैं
- ✘ B. क्योंकि इससे चुंबकीय क्षेत्र दुर्बल हो जाता है
- ✔ C. क्योंकि एक कंपास की सुई को एक ही समय में दो दिशाओं में इंगित करना आवश्यक होगा
- ✘ D. क्योंकि इससे एक नया चुंबकीय ध्रुव बनता है

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, अधिकतम प्रकाश संश्लेषण को प्रेरित करेगी?

**Ans**
- ✘ A. निम्न प्रकाश तीव्रता, उच्च $CO_2$, निम्न तापमान
- ✔ B. उच्च प्रकाश तीव्रता, पर्याप्त $CO_2$, इष्टतम तापमान
- ✘ C. निम्न $CO_2$, उच्च प्रकाश तीव्रता, इष्टतम तापमान
- ✘ D. उच्च ऑक्सीजन, निम्न प्रकाश तीव्रता, उच्च तापमान

**Q.14** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
**MAT COP RUG DEN**
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

**Ans**
- ✘ A. 2
- ✘ B. 1
- ✔ C. 3
- ✘ D. 4

**Q.15** इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 5 @ 2 9 $ # 8 % 1 & 4 7 3 6

कूट LF BARDUQHE TPKM

**शर्तें –**

**(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है, तो दूसरे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।**
**(ii) यदि तीसरा अवयव एक प्रतीक है, तो पांचवें अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।**
**(iii) यदि चौथा अवयव एक विषम अंक है, तो तीसरे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।**

**संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?**
**84291**

**Ans**
- ✗ A. UTBAH
- ✓ B. UT©AH
- ✗ C. U©BAH
- ✗ D. UTBA©

**Q.16** शब्द GIMLETS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित अक्षरों के नए समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

**Ans**
- ✗ A. 0
- ✗ B. 3
- ✓ C. 1
- ✗ D. 2

**Q.17** स्टेन और बेनेडिक्ट की आयु का योगफल 98 वर्ष है। चार वर्ष पूर्व, बेनेडिक्ट की आयु उस समय स्टेन की आयु की आधी थी। वर्तमान में स्टेन की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 68
- ✗ B. 62
- ✗ C. 63
- ✓ D. 64

**Q.18** A, B, C, D और E के प्राप्तांक भिन्न-भिन्न हैं। C के प्राप्तांक ठीक तीन व्यक्तियों से अधिक हैं। A के प्राप्तांक, D से कम हैं और D के प्राप्तांक, E से कम हैं। केवल एक व्यक्ति के प्राप्तांक, B से कम हैं। किसके प्राप्तांक सर्वाधिक हैं?

**Ans**
- ✓ A. E
- ✗ B. C
- ✗ C. B
- ✗ D. A

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-सा, अवतल दर्पण द्वारा प्रतिबिंब के निर्माण में मुख्य अक्ष की भूमिका वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. यह फोकस और ध्रुव से होकर गुजरता है लेकिन वक्रता केंद्र से नहीं।
- ✗ B. यह वक्रता केंद्र पर दर्पण की स्पर्शरेखा है।
- ✗ C. यह केवल ध्रुव पर दर्पण पृष्ठ के लंबवत एक रेखा है।
- ✓ D. यह वक्रता केंद्र और ध्रुव से होकर गुजरने वाली एक संदर्भ रेखा के रूप में कार्य करता है।

**Q.20** कोई दुकानदार जुलाई में ₹100 की दर से, अगस्त में ₹80 की दर से, और सितंबर में ₹120 की दर से चीनी बेचता है। यदि बेची गई मात्रा क्रमशः 10 kg, 16 kg, और 14 kg थी, तो इन महीनों में प्रति kg औसत विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹95
- ✓ B. ₹99
- ✗ C. ₹98
- ✗ D. ₹105

blackbook

**Q.21** एक नल एक टंकी को 6 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी टंकी को 7 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी शुरू में खाली हो और दोनों नल एक साथ खोले जाएं, तो टंकी को आधा भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**

✗ A. 28

✗ B. 14

✓ C. 21

✗ D. 42

**Q.22** एक कार के रेडिएटर में 62% एंटीफ्रीज वाला विलयन होना चाहिए। एक मोटरचालक के पास 21% एंटीफ्रीज वाला 6 लीटर विलयन है। 62% एंटीफ्रीज वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे अपने विलयन में 71% एंटीफ्रीज द्रव का कितना लीटर (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) मिलाना चाहिए?

**Ans**

✗ A. 23.51

✓ B. 27.33

✗ C. 30.46

✗ D. 29.31

**Q.23** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से OQTU का संबंध SUXY से है। उसी तरीके से EGJK का संबंध IKNO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FHKL का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

**Ans**

✗ A. JMNQ

✗ B. JLNP

✓ C. JLOP

✗ D. JKNP

**Q.24** एक कुर्सी का अंकित मूल्य ₹2000 है। यदि 15% और 10% की दो क्रमिक छूट प्रदान की जाती है, तो ग्राहक द्वारा भुगतान किया जाने वाला अंतिम मूल्य कितना होगा?

**Ans**

✗ A. ₹1500

✗ B. ₹1550

✗ C. ₹1600

✓ D. ₹1530

**Q.25** शुद्ध जल में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिश्रित करने पर उसके pH पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**

✗ A. विलयन का pH उदासीन हो जाता है

✗ B. विलयन का pH अपरिवर्तित रहता है

✓ C. विलयन का pH कम हो जाता है

✗ D. विलयन का pH बढ़ जाता है

**Q.26** 16 cm व्यास और 21 cm ऊंचाई वाले बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

**Ans**

✗ A. 4182 $cm^3$

✗ B. 4189 $cm^3$

✗ C. 4311 $cm^3$

✓ D. 4224 $cm^3$

**Q.27** छह व्यक्ति H, I, J, K, U और V एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। I के नीचे केवल U रहता है। K और I के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। V एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। J एक विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। H के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans**

✗ A. एक

✓ B. चार

✗ C. तीन

✗ D. दो

black

**Q.28** PQRS एक समलंब चतुर्भुज है जिसमें PQ, SR के समांतर है। Q से डाला गया लंब, SR से T पर मिलता है। असमांतर भुजाओं की लंबाई, PS = QR = 24 cm है और ∠QRT = 45° है, तो SR से PQ की दूरी ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ A. $25\sqrt{2}$ cm

✗ B. 6 cm

✗ C. $24\sqrt{3}$ cm

✓ D. $12\sqrt{2}$ cm

**Q.29** वायु में एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति f और तरंगदैर्ध्य λ है। स्रोत में परिवर्तन किए बिना, किसी अन्य माध्यम में तरंगदैर्ध्य 2λ हो जाती है। ध्वनि की चाल पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**

✓ A. चाल दोगुनी हो जाती है

✗ B. चाल समान बनी रहती है

✗ C. चाल आधी हो जाती है

✗ D. चाल चार गुनी हो जाती है

**Q.30** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 35 और 9 दोनों से विभाज्य है?

**Ans**

✗ A. 30440

✗ B. 31578

✓ C. 30870

✗ D. 32150

**Q.31** वासु बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 47 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 41 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 64 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 65 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**

✓ A. 24 km, उत्तर की ओर

✗ B. 27 km, दक्षिण की ओर

✗ C. 26 km, दक्षिण की ओर

✗ D. 25 km, उत्तर की ओर

**Q.32** यशराज की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है, और उसकी पुत्री, उसके पुत्र से 3 वर्ष छोटी है। यदि 3 वर्ष पूर्व इन तीनों व्यक्तियों की आयु का योगफल 93 वर्ष था, तो यशराज की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ A. 85

✗ B. 73

✓ C. 63

✗ D. 79

**Q.33** तीन व्यावसायिक साझेदार P, Q और R एक व्यवसाय में क्रमशः ₹4,40,000, ₹1,50,000 और ₹2,00,000 की पूंजी का निवेश करते हैं। वे लाभ के विभाजन से पूर्व अपनी पूंजी पर 5% वार्षिक की दर से ब्याज के हकदार हैं। पूंजी पर ब्याज का भुगतान करने के बाद शेष लाभ को उनकी पूंजी के अनुपात में उनके बीच वितरित किया जाना है। वर्ष के अंत में, वे ₹1,11,232 का कुल लाभ अर्जित करते हैं। R को प्राप्त लाभ का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ A. ₹47,452

✗ B. ₹35,620

✓ C. ₹28,160

✗ D. ₹18,160

**Q.34** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 147 158 126 139 197 (दाएं)
(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 8
- ✓ C. 9
- ✗ D. 6

**Q.35** एक बैग की कीमत जनवरी में 15% बढ़ जाती है और फिर फरवरी में 5% बढ़ जाती है। यदि मूल कीमत ₹800 थी, तो दोनों वृद्धि के बाद कीमत कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. ₹900
- ✗ B. ₹1000
- ✗ C. ₹960
- ✓ D. ₹966

**Q.36** किस प्रसिद्ध भारतीय पार्श्व गायिका को पद्म पुरस्कार 2026 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. सुनिधि चौहान (Sunidhi Chauhan)
- ✓ B. अलका याग्निक (Alka Yagnik)
- ✗ C. श्रेया घोषाल (Shreya Ghoshal)
- ✗ D. कविता कृष्णामूर्ति (Kavita Krishnamurthy)

**Q.37** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 371 का संबंध 421 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 428 का संबंध 478 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 116 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. 126
- ✓ B. 166
- ✗ C. 146
- ✗ D. 186

**Q.38** निम्नलिखित श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

34,45,67,100,144, ?

**Ans**
- ✗ A. 196
- ✗ B. 198
- ✗ C. 197
- ✓ D. 199

**Q.39** दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) A H D E Z C K W L R N G D O E Y U L B J E A R Z N U H S O (दाएँ)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले व्यंजन है और ठीक बाद भी व्यंजन है?

**Ans**
- ✗ A. चार
- ✗ B. दो
- ✓ C. तीन
- ✗ D. एक

blackbook

**Q.40** सात मित्र, E, F, G, H, W, X और Y, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। F के बाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। W, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। X, H के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✔ A. Y
- ✘ B. X
- ✘ C. W
- ✘ D. E

**Q.41** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

39 B 4 A 3 C 27 D 41 = ?

**Ans**
- ✘ A. 39
- ✘ B. 36
- ✘ C. 40
- ✔ D. 38

**Q.42** $2\ \text{cosec}^2 31° \cot^2 59° - \sin^2 31° - \sin^2 59° - \cot^2 59°$ का मान निम्नलिखित में से किसके बराबर है?

**Ans**
- ✘ A. $\tan^2 59°$
- ✔ B. $\sec^2 31°$
- ✘ C. $\cot^2 31°$
- ✘ D. $\sec^2 59°$

**Q.43** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकीय पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 592 847 316 925 684 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**
- ✘ A. 11
- ✘ B. 12
- ✔ C. 6
- ✘ D. 4

**Q.44** किसी विद्यार्थी की 80-80 अंकों की 2 परीक्षाएं और 60-60 अंकों के 3 असाइनमेंट हैं। इन अंकों का भारित समांतर माध्य कितना होगा?

**Ans**
- ✔ A. 68
- ✘ B. 72
- ✘ C. 64
- ✘ D. 70

**Q.45** B, O, U, G, H, T और S में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। T की परीक्षा शुक्रवार को है। U और T के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। H और U के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। G की परीक्षा B के ठीक बाद है। S की परीक्षा सोमवार को नहीं है। O और S के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans**
- ✘ A. एक
- ✔ B. चार
- ✘ C. दो
- ✘ D. तीन

blackbook

Q.46 एक दुकानदार ₹720 प्रति दर्जन की दर से 57 दर्जन वस्तुएं खरीदता है। वह प्रत्येक वस्तु को ₹81 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 33%
- ✓ B. 35%
- ✗ C. 37%
- ✗ D. 34%

Q.47 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

16 B 3 D 38 A 19 C 18 = ?

Ans
- ✗ A. 66
- ✗ B. 68
- ✓ C. 64
- ✗ D. 62

Q.48 सात व्यक्ति A, B, C, I, J, K और L उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
C के दाईं ओर एक भी व्यक्ति नहीं बैठा है। C और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J, K के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। L, K के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
A और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.49 एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु के आधार की त्रिज्या 6 cm और 8 cm है। इसे पूरी तरह से पिघलाया जाता है और धातु को 2 cm त्रिज्या वाले छोटे ठोस गोलों में ढाला जाता है।
बनाए जा सकने वाले पूर्ण गोलों की अधिकतम संख्या ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 10
- ✗ B. 12
- ✓ C. 9
- ✗ D. 8

Q.50 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
CLX 13 GOS 9 KRN 5 ? SXD -3

Ans
- ✓ A. OUI 1
- ✗ B. NWI 2
- ✗ C. OUJ 1
- ✗ D. OVI 2

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LASH' को '62' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MOVI' को '43' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
दी गई कूट भाषा में 'XRGC' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 51
- ✗ B. 57
- ✓ C. 50
- ✗ D. 52

Q.52 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 30 का संबंध 298 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 7 का संबंध 68 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 14 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 139
- ✗ B. 140
- ✓ C. 138
- ✗ D. 136

Q.53 AB, CD के समांतर है। एक तिर्यक् छेदी रेखा PQ, AB और CD को क्रमशः E और F पर प्रतिच्छेद करती है, और ∠PEB = 69° है। G, AB और CD के बीच एक बिंदु इस प्रकार है कि ∠BEG = 33° और ∠GFE = 17° है। ∠EGF की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 71°
- ✗ B. 93°
- ✗ C. 86°
- ✓ D. 85°

Q.54 यदि $7 \sin y + \cos y = \sqrt{4} \sin y$ हो, तो $\tan y$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $-\frac{1}{5}$
- ✗ B. $-\frac{1}{1}$
- ✗ C. $-\frac{1}{13}$
- ✗ D. $-\frac{1}{4}$

Q.55 ₹4,450 पर 20% वार्षिक ब्याज की दर से 1 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
- ✗ A. ₹985.25
- ✗ B. ₹914.50
- ✓ C. ₹934.50
- ✗ D. ₹967.25

Q.56 एक विद्यार्थी के पास चार पट्टियाँ (strips) हैं: मैग्नीशियम, कॉपर, ऐलुमिनियम और जिंक। यदि प्रत्येक को आयरन सल्फेट के विलयन में रखा जाए, तो सक्रियता श्रेणी के आधार पर कौन-सी पट्टी कोई अभिक्रिया नहीं दर्शाएगी?

Ans
- ✗ A. जिंक
- ✗ B. मैग्नीशियम
- ✓ C. कॉपर
- ✗ D. ऐलुमिनियम

Q.57 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

31 - 15 ÷ 22 + 153 × 9 = ?

Ans
- ✓ A. 470
- ✗ B. 450
- ✗ C. 420
- ✗ D. 490

Black book

**Q.58** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) के रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 पोल - W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, कौन-सा पोल सबसे छोटा है?
(I) K केवल दो पोल से लंबा है। W, K से छोटा है और O, W से छोटा है।
(II) G, Y से लंबा है।

**Ans**

✗ A.
अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

✗ B. कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।

✗ C.
कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

✓ D.
अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

**Q.59** यदि '+' और '−' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

105 – 117 × 9 + 14 ÷ 4 = ?

**Ans**

✗ A. 65

✓ B. 62

✗ C. 64

✗ D. 68

**Q.60** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
25 - 31 - 19 - 95
41 - 47 - 35 - 175

**Ans**

✗ A. 12 - 18 - 4 - 24

✗ B. 40 - 45 - 33 - 165

✗ C. 39 - 46 - 34 - 204

✓ D. 17 - 23 - 11 - 55

**Q.61** यदि शब्द "KURBASHING" के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**

✓ A. एक का भी नहीं

✗ B. तीन

✗ C. एक

✗ D. दो

**Q.62** सरल कीजिए:
$75-\{18\div3\times(4+2)-5\times3\}+28\div7$

**Ans**

✗ A. 56

✗ B. 54

✓ C. 58

✗ D. 52

**Q.63** A, B, E, F, G, H और I में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। F और H के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। H और E के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। A की परीक्षा बुधवार को है। G की परीक्षा, B की परीक्षा के बाद किसी एक दिन, लेकिन I की परीक्षा से पहले किसी एक दिन है। F की परीक्षा सोमवार को है। G और E के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✓ B. दो
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

**Q.64** यदि दो संख्याओं का माध्यानुपाती 24 है और उनमें से एक संख्या 6 है, तो दूसरी संख्या कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. 144
- ✗ B. 48
- ✗ C. 12
- ✓ D. 96

**Q.65** निम्नलिखित उदाहरणों का उनके संबंधित समूहों के साथ मिलान कीजिए।

| जीव | समूह (Group) |
|---|---|
| 1. मार्शैन्शिया (Marchantia) | A. थैलोफाइटा (Thallophyta) |
| 2. फर्न (Ferns) | B. ब्रायोफाइटा (Bryophyta) |
| 3. स्पाइरोगाइरा (Spirogyra) | C. टेरिडोफाइटा (Pteridophya) |

**Ans**
- ✓ A. 1-B, 2-C, 3-A
- ✗ B. 1-B, 2-A, 3-C
- ✗ C. 1-C, 2-B, 3-A
- ✗ D. 1-A, 2-B, 3-C

**Q.66** एक व्यापारी किसी वस्तु को ₹200 में खरीदता है, और उसे ₹220 में एक खुदरा विक्रेता को बेचता है, जो फिर उसे ₹242 में एक ग्राहक को बेचता है। मूल खरीद मूल्य से अंतिम विक्रय मूल्य तक कुल लाभ प्रतिशत कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 22%
- ✗ B. 10%
- ✗ C. 20%
- ✓ D. 21%

**Q.67** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

**(बाएं) G J M P H F L U X I B E C O Q J N Y S Z W R T D (दाएं)**

**ऐसे कितने व्यंजन हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?**

**Ans**
- ✗ A. दो
- ✗ B. चार
- ✓ C. तीन
- ✗ D. एक

**Q.68** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
**5 49 88 122 151 175 ?**

**Ans**
- ✗ A. 182
- ✓ B. 194
- ✗ C. 186
- ✗ D. 176

**Q.69** निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 1 3 4 6 7 3 9 7 8 5 8 3 2 4 6 6 7 3 5 9 6 7 1 3 4 8 3 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो से अधिक

**Q.70** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MKIM एक निश्चित तर्क के अनुसार QOMQ से संबंधित है। JHFJ उसी तर्क के अनुसार NLJN से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए DBZD दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ A. HFCH
- ✓ B. HFDH
- ✗ C. HECH
- ✗ D. HGCJ

**Q.71** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans**
- ✗ A. DB–XV
- ✗ B. RP–LJ
- ✗ C. XV–RP
- ✓ D. IG–BC

**Q.72** निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
69 60 49 36 21 ?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✗ B. 5
- ✗ C. 7
- ✓ D. 4

**Q.73** निखिल बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह फिर बाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ A. 6 km, पूर्व की ओर
- ✗ B. 6 km, पश्चिम की ओर
- ✓ C. 3 km, पूर्व की ओर
- ✗ D. 7 km, पश्चिम की ओर

**Q.74** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द, 42वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा भारत की उद्देशिका में जोड़ा गया था?

**Ans**
- ✗ A. बंधुत्व
- ✗ B. गरिमा
- ✓ C. अखंडता
- ✗ D. न्याय

Black Book

**Q.75** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✗ A. UPK

✗ B. NID

✗ C. KFA

✓ D. JEA

"

Blackbook